04.10.19 XYGACX SYBA SEM III Hindi

समय : ३ घंटे

पूर्णांक : १००

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (२७)

(क) "सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपकार।
लोचन अनंत उघाड़िया, अनंत दिखावणहार।"

अथवा

"आजकल लड़ाई का जमाना है
घर, द्वार, राह और खेत में
अपढ़ – सुपढ़ सभी लोग
लड़ाई की चर्चा करते रहते है"

(ख) "गर्दन पर किसका पाप वीर! ढ़ोते हो?
शोणित से तुम किसका कलंक धोते हो?"

अथवा

"क्रुद्ध सिंहिनी कुछ इस चिंता से भी ठगी हुई है।
कहाँ गये वे, जो पानी में आग लगाते थे?
बजा – बजा दुन्दुभी रात – दिन हमें जागते थे?"

(ग) "अबकी अगर लौटा तो
हताहत नहीं
सबके हिताहित की सोचता
पूर्णतर लौटूँगा"

अथवा

"वैसे सच तो यह है कि मेरे लिए
बाजार एक ऐसी जगह है
जहाँ मैंने हमेशा पाया है
एक ऐसा अकेलापन जैसा मुझे
बड़े – बड़े जंगलों में भी नहीं मिला।"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (३६)

(च) सूरदास की भक्ति भावना को विस्तार से लिखिए।

अथवा

'सरकारी कोयल' कविता व्यवस्था पर व्यंग्य करती है – इस वाक्य की पुष्टि कीजिये।

(छ) 'हिम्मत की रौशनी' कविता के केंद्रीय भाव पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'आज कसौटी पर गाँधी की आग है' कविता के भावार्थ को सरल शब्दों लिखिये।

(ज) 'अंतिम ऊँचाई' कविता की मूल संवेदना को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'स्पष्टीकरण' कविता आत्मलोचन के लिए प्रेरित करती है – इस वाक्य की पुष्टि कीजिये।

प्रश्न – ३) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लिखिए :- (१२)

तुलसीदास के पदों के आधार पर राम के वन गमन से उपजे विरह की चर्चा कीजिये।

अथवा

'जनता जगी हुई है' कविता की चेतना को अपने शब्दों में समझाइये।

अथवा

'अबकी लौटा तो' कविता के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१५)

(ट) 'गुरु की महिमा' का वर्णन।

अथवा

'घर' कविता की भाषा।

(ठ) 'लोहे के मर्द' कविता का उद्देश्य।

अथवा

'समर शेष है' कविता का मूल स्वर।

(ड) 'घर रहेंगे' कविता का संदेश।

अथवा

'क्या वह नहीं होगा' कविता में कवि की चिंता।

XYgACX

प्रश्न – ५) निम्नलिखित प्रश्नों के <u>एक</u> वाक्य में उत्तर लिखिए :- (१०)

१) 'एक छोटा सा अनुरोध' कविता के रचनाकार का नाम लिखिये।

२) उदय प्रकाश जी की रचना का नाम लिखिये।

३) नदी की लड़ाई किससे है?

४) 'घर' कविता में पिता रोज कहाँ से लौटते हैं?

५) 'परशुराम की प्रतीक्षा' के रचनाकार का नाम लिखिये।

६) 'परशुराम की प्रतीक्षा' काव्य संग्रह में 'परशु' का क्या अर्थ है?

७) 'परशुराम की प्रतीक्षा' काव्य संग्रह में कवि किसके जगे रहने की बात करते हैं?

८) 'घर रहेंगे' कविता के कवि का नाम लिखिये।

९) कवि कुँवरनारायण कविता में किस ऊँचाई की बात करते हैं?

१०) 'बाजारों की तरफ भी' कविता में कवि कुँवरनारायण अपना ज्यादा समय किसके साथ बिताते की बात कहते हैं?

****